तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है भजन लिरिक्स

तूने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है,
तूने अपना बना लिया,
मेहरबानी है,
तुने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है।bd।

तर्ज – तेरी गलियों का हूँ आशिक।

मैं तो काबिल नहीं था फिर भी,
तेरा प्यार मिला,
मेरा सौभाग्य है बाबा,
तेरा दरबार मिला,
तूने खुशियों से ही भर दी,
ये जिंदगानी है,
तुने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है।bd।

मेरे सत्कर्मो का फल है की,
तेरी प्रीत मिली,
कदम कदम पे मुझे बाबा,
सिर्फ जीत मिली,
तुझसे पहचान मेरी है,
हर कहानी है,
तुने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है।bd।

तुझे जो पाया है मैंने,
तेरा शुकराना करूँ,
मेरे जो साथ है तू तो,
मैं किसी से ना डरूं,
अब तो हर आग भी लगती,
मुझको पानी है,
तुने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी विनती है प्रेम यूँ ही,
लुटाते रहना,
भूल होगी जो भी मुझसे,
वो भुलाते रहना,
तेरी सेवा में ही मगन,
तेरा 'चोखानी' है,
तुने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है।bd।

तूने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है,
तूने अपना बना लिया,
मेहरबानी है,
तुने दर पे बुला लिया,
ये कदरदानी है।bd।

Singer – Aditi Parashar
Lyricist – Shri Pramod Chokhani Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com